कार्यालय प्राचार्य, शासकीय कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव (छ.ग.)

पत्र कमांक /838/रूसा/2019 दिनांक –10/12/2019

// निविदा आमंत्रण //

राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत Sports equipment कय हेतु योग्य एजेन्सी /फर्म/अधिकृत विक्रेता/ प्रतिष्ठानों से सीलबंद लिफाफा में निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म एवं अन्य विस्तृत विवरण महाविद्यालय के वेबसाईट **www.govtkdmcollegerjn.com** से डाउनलोड किया जा सकता है ।

क.	समग्री	अमानत राशि
परिशिष्ट – 1	Archery Recurve bow set with following accessories : string, Arrow, Nock, point, Finger tap, arrow rest, String wax.	5000.00

निर्धारित प्रपत्र में निविदा कार्यालयीन दिवस में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर दिनांक 31/12/2019 को अपरान्ह 03.00 बजे तक महाविद्यालय में जमा कराया जाकर पावती प्राप्त करना आवश्यक होगा । डाक में विलंब अथवा समय पर प्राप्त नही होने वाले निविदाओं पर विचार नही किया जावेगा तथा इसके लिए महाविद्यालय की कोई जवाबदारी नही होगी। निविदा 31/12/2019 को संध्या 04.00 बजे कय समिति एवं रूसा समिति के सदस्यों के समक्ष खोला जायेगा।

प्राप्त निविदाओं में से तकनीकी रूप से सही पाये गये एजेन्सी/फर्म के ही वित्तीय निविदा फार्म निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदा के संबंध में गठित समिति का निर्णय अंतिम होगा तथा किसी भी निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार समिति के पास सुरक्षित होगा एवं किसी को भी इस संबंध में कारण बताया जाना आवश्यक नही होगा।

(डॉ श्रीमती सुमन सिंह बघेल)
प्राचार्य
शास. कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव (छ.ग.)

// निविदा प्रपत्र //

Sports Equipment क्रय हेतु निविदा की शर्ते

1. निविदा फार्म एवं अन्य विस्तृत विवरण महाविद्यालय के वेबसाईट **www.govtkdmcollegerjn.com** से डाउनलोड किया जा सकता है ।
2. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 31/12/2019 समय 3.00 बजे तक ।
3. निविदा खुलने की तिथि 31/12/2019 समय 4.00 बजे अपरान्ह ।
4. प्रदाय की जाने वाली सामग्रियां एवं परिशिष्ट अनुसार अमानत राशि का विवरण ।

परिशिष्ट क्रमांक	समग्री	अमानत राशि
परिशिष्ट – 1	Archery Recurve bow set with following accessories string, Arrow, Nock, point, Finger tap, arrow rest, String wax.	5000.00

नोट :– अमानत राशि का बैंक ड्राफट " **प्राचार्य, शास. कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव (छ.ग.)** " के नाम पर मान्य होगी । एफडीआर मान्य नही होगी ।

5. निविदा दो लिफाफो में प्रस्तुत करना होगा । प्रथम लिफाफा – इसमें फर्म की तकनीकी बीड से संबंधित निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने होंगे तथा लिफाफा के उपर **लिफाफा क्रमांक –1–तकनीकी बीड प्रपत्र –क** अंकित होना चाहिए ।
   1. निविदा प्रपत्र मूल्य की रसीद की छायाप्रति ।
   2. अमानत राशि का बैंक ड्राफट "प्राचार्य, शास. कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव (छ.ग.)" के नाम पर मान्य होगी । एफडीआर मान्य नही होगी ।
   3. फर्म का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र।
   4. वस्तु एवं सेवा कर क्रमांक (जीएसटी नंबर)
   5. आयकर रिर्टन की छायाप्रति ।
   6. तकनीकी ब्राउचर सभी सामग्री के लिये जिसमें ब्रांड और मॉडल नंबर स्पष्ट लिखा हो ।

तकनीकी बिड प्रपत्र –क का लिफाफा क्रमांक – 1 के परीक्षण के बाद योग्य फर्मों का वित्तिय बीड प्रपत्र–ख का लिफाफा क्रमांक – 2 खोला जाएगा।

6. **लिफाफा क्रमांक – 2** – इसमें निम्नलिखित जानकारी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने होंगे तथा लिफाफे कें उपर लिफाफा क्रमांक – 2 वित्तीय बीड प्रपत्र – ख अंकित होना चाहिए। लिफाफा क्रमांक – 2 में निम्नलिखित सारणी के अनुसार जानकारी का विवरण आवश्यक रूप से देवे –

क्र.	सामाग्री का नाम	स्पेशिफिकेशन	दर प्रति नग	जी.एस.टी.

नोट – फर्म द्वारा उपरोक्त सारणी में **परिशिष्ट** अनुसार दर डालना आवश्यक है, सारणी सुस्पष्ट रूप से टंकित कर प्रस्तुत की जावे। **एक सामग्री के लिये एक ही दर प्रविष्ट करें, एक से अधिक दर प्रविष्ट करने वाले निविदाकार की निविदा निरस्त कर दी जायेगी ।**

7. लिफाफा क्रमांक 1 में प्रस्तुत दस्तावेजों, तकनीकी विवरण (Specification) तथा सामग्री का महाविद्यालय की समिति के द्वारा किया जावेगा तथा योग्य फर्मो का लिफाफा क्रमांक – 2 वित्तीय बीड प्रपत्र–ख खोला जाएगा ।
8. उपरोक्त दोनो लिफाफा क्रमांक एक तकनीकी बीड प्रपत्र –क एवं लिफाफा क्रमांक – 2 वित्तीय बीड प्रपत्र – ख अंकित करते हुए सीलबंद कर एक बड़े लिफाफे में जिस पर "---------- के लिये निविदा" स्पष्ट अंकित हो, में रखी जावे ।
9. **भुगतान** – प्रदाय आदेश के अनुरूप समस्त सामग्रियों के गुणवत्ता सहित प्राप्त होने तथा तीन प्रतियों में देयक प्राप्त होने के 30 दिन के अंदर 100 प्रतिशत भुगतान किया जावेगा । शासन द्वारा निर्धारित करों की वसूली स्त्रोत पर नियमानुसार की जावेगी ।

10. **प्रदाय की अवधि** – प्रदाय आदेश जारी होने के 15 दिन के भीतर सामग्रियां प्रदाय की जानी आवश्यक होगी ।
11. **पेनाल्टी** – समयावधि में सामग्री प्राप्त नही होने पर प्रदाय आदेश के कुल मूल्य का 0.5 प्रतिशत प्रति सप्ताह की दर से पेनाल्टी राशि की कटौती (अधिकतम 10 प्रतिशत) प्रस्तुत किए गए देयक से की जाएगी । सामग्री प्रदाय न करने की स्थिति में अमानत राशि जब्त कर ली जावेगी ।
12. **सुरक्षानिधि** – जिस फर्म की दर महाविद्यालय द्वारा अनुमोदित की जावेगी, उस फर्म की अमानत राशि सुरक्षानिधि के रूप में महाविद्यालय द्वारा रखी जावेगी तथा शेष फर्मो की अमानत राशि वापस कर दी जावेगी ।
13. **स्वीकृत दरे 01 वर्ष तक मान्य होगी** जिसे आगामी 6 माह तक आवश्यकता अनुसार बढाया जा सकेगा ।
14. **प्राप्त हुई निविदाओं** को मान्य करना तथा बिना कारण बताये किसी एक या सभी निविदाओं को अमान्य/निरस्त करने का अधिकार महाविद्यालय प्रशासन के पास सुरक्षित रहेगा ।
15. किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति में महाविद्यालय के प्राचार्य का निर्णय अंतिम एंव बंधनकारी होगा ।
16. किसी भी न्यायिक परिवाद की स्थिति में जिला राजनांदगांव के न्यायिक क्षेत्राधिकार के अधीन होगा ।
17. आयकर अदेय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

प्रपत्र – "क"
तकनीकी बीड का प्रारूप

1. निविदाकार /फर्म का नाम :–.....
2. निविदाकार /फर्म का पता :–.....
3. अमानत राशि का विवरण :–

   बैंक का नाम ..... डी.डी. क्रमांक .....

   दिनांक ..... राशि (अंको में) .....

   राशि शब्दों में .....
4. **पैन नंबर –** .....
5. फर्म का जीवित पंजीयन नंबर – .....
6. जी.एस.टी. पंजीयन नंबर :– .....
7. आयकर प्रमाण पत्र आईटीआर संलग्न करें।
8. आधार कार्ड की छायाप्रति।
9. कार्य अनुभव विवरण ।
10. डीलर के अधिकृत डीलरशीप का प्रमाण पत्र।
11. मोबाइल नंबर एवं ई–मेल आईडी :– .....
12. फर्म/संस्था/एजेंसी का वार्षिक टर्न ओव्हर का विवरण :– .....

..

टीप :– उपरोक्त दस्तावेजों की हस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

मेरे द्वारा निविदा में दिए गए सभी बिन्दूओं एवं शर्तो को भंलीभांति समझकर यह निविदा दी जा रही है। जिसमें भरी जाने वाली सभी जानकारियों के लिए मैं स्वयं उत्तरादायी रहूँगा।

निविदाकार का हस्ताक्षर .....

निविदाकार का नाम .....

फर्म का नाम .....

मोबाइल नंबर .....

ई–मेल आईडी .....

प्रपत्र – "ख"
वित्तीय बीड का प्रारूप

शास. कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव (छ.ग.) में परिशिष्ट क्रमांक – 1 में उल्लेखित सूची के अनुसार मेरे द्वारा निम्नानुसार दर प्रस्तावित किया जाता हैं –

SPORTS EQUIPMENT

क्र	सामग्री का नाम	स्पेशीलाईजेशन	दर प्रति नग समस्त करों सहित	विशेष
1	Archery Recurve bow set with following accessories : string, Arrow, Nock, point, Finger tap, arrow rest, String wax.	Draw weight 25 to 35 pound, Draw length 20"		

निविदाकार का हस्ताक्षर .....

निविदाकार का नाम .....

फर्म का नाम .....

मोबाइल नंबर .....

ई–मेल आईडी .....